Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar for providing compensation to the people whose crops have been damaged due to hailstorm in North Bihar.

श्री रामचन्द्र पासवान (रोसेड़ा) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के अन्तर्गत उत्तरी बिहार के समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, खगड़िया, सहरसा, पूर्णिया, मधेपुरा, बेगूसराय एवं अन्य जिलों में दिनांक 2.4.2002 को हुई ओलावृटि से रबी की फसल एवं गरीब लोगों के खपरैल के मकान एवं झोपड़ी के हुए भारी नुकसान की भरपाई हेतु सरकार की ओर से कोई सहायता एवं राहत कार्य नहीं किया गया है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि ओलावृटि से हुए नुकसान की भरपाई हेतु आवश्यक कार्य वाई अविलम्ब की जाए। इसके लिए राज्य सरकार को समुचित आर्थिक सहायता दी जाए।